पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से पद्मश्री कलीमउल्लाह ने भेंट की
राज्यपाल को ऊसर भूमि पर आम के बाग तैयार करने का प्रस्ताव दिया
श्री नाईक ने दिया गम्भीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन

लखनऊः 30 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में पद्मश्री कलीमउल्लाह ने भेंट की तथा अपने बाग के चुनिन्दा आम भी राज्यपाल को तोहफे के तौर पर दिये। श्री कलीम ने राज्यपाल को आगामी 8 जुलाई को मलिहाबाद स्थित अपने बाग घूमने का आमंत्रण भी दिया।

भेंट के दौरान पद्मश्री कलीमउल्लाह ने राज्यपाल के समक्ष प्रस्ताव रखा कि रहीमाबाद में 500 एकड़ ऊसर जमीन को गोद लेकर आम की बाग विकसित की जाये। बाग में 500 प्रजातियों के आम विकसित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जोर पतले रस के बड़े आम के फल तैयार करने पर होगा। ऊसर भूमि को वे आम की सफल बाग बिना किसी पारिश्रमिक के निःशुल्क तैयार करेंगे।

श्री नाईक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि ऊसर भूमि को आम की बाग में परिवर्तित किया जाय तो निश्चित रूप से किसानों को फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस विधि से ऊसर भूमि को भी उपजाऊ बनाकर खेती व बागवानी के लिये प्रयोग किया जा सकता है। राज्यपाल ने उनके प्रस्ताव पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

Dasehri
Mango